# बेमौसम बारिश और तेज आंधी-तूफान से भारी नुकसान, अन्नदाता परेशान



**नवभारत/ साईखेड़ा।** गुरुवार दोपहर अचानक बदले मौसम ने पूरे क्षेत्र में तबाही जैसे हालात पैदा कर दिए। तेज आंधी-तूफान के साथ हुई बेमौसम बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। सड़कों पर बड़े-बड़े पेड़ धराशायी हो गए, जिससे कई मुख्य मार्गों पर आवागमन बाधित रहा। वहीं तेज हवाओं के चलते बिजली के खंभे और तार भी टूटकर गिर गए, जिससे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था घंटों तक ठप रही और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस प्राकृतिक मार का सबसे ज्यादा असर किसानों पर देखने को मिला। इन दिनों समर्थन मूल्य पर उपार्जन का कार्य चल रहा है, जिसके चलते बड़ी संख्या में किसान अपना अनाज लेकर वेयरहाउस और उपार्जन केंद्रों पर पहुंचे हुए थे। अचानक आई बारिश ने उनकी सारी तैयारियों पर पानी फेर दिया। खुले में रखे अनाज के भीगने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। कई किसान घंटों से अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे, लेकिन बारिश शुरू होते ही अफरा-तफरी का माहौल बन गया। किसान अपने अनाज को बचाने के लिए तिरपाल, प्लास्टिक और अन्य साधनों का सहारा लेते नजर आए। बावजूद इसके कई किसानों का अनाज भीग गया, जिससे उसकी गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि समय पर तुलाई और भंडारण की उचित व्यवस्था होती, तो इस तरह का नुकसान नहीं होता। स्थानीय किसानों ने प्रशासन पर अव्यवस्थाओं के आरोप भी लगाए। उनका कहना है कि वेयरहाउसों में पर्याप्त शेड और सुरक्षा इंतजाम नहीं हैं, जिसके कारण हर साल इस तरह की समस्या का सामना करना पड़ता है। बेमौसम बारिश ने पहले से परेशान किसानों की चिंता को और बढ़ा दिया है। इधर, आंधी-तूफान के कारण गिरे पेड़ों को हटाने और बिजली व्यवस्था को बहाल करने के लिए प्रशासन और बिजली विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और सुधार कार्य शुरू किया। हालांकि देर शाम तक कई इलाकों में बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी थी। किसानों और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नुकसान का तत्काल सर्वे कराया जाए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही वेयरहाउस और उपार्जन केंद्रों पर अनाज को सुरक्षित रखने के लिए स्थायी और मजबूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति से बचा जा सके।

# पुराने बस स्टैंड पर मनमाने ढंग से वाहन खड़े होने से लगता है जाम



**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** नगर के हृदय स्थल पुराने बस स्टैंड से लेकर मंडी चौराहे और डोभी सड़क मार्ग पर लोडिंग और अनलोडिंग बाहनों को खड़े हो जाने के चक्कर में अव्यवस्थाएं जन्म ले रही है। हालात यह हैं कि मुख्य मार्गों पर बेतरतीब तरीके से खड़े होने वाले छोटे और भारी वाहनों के चलते आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। स्थानीय जवाबदार पक्षों की उदासीनता के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के मुख्य मार्गों पर व्यापारिक गतिविधियों के नाम पर भारी वाहनों का प्रवेश किसी भी समय हो जाता है। नियमों के मुताबिक भारी वाहनों की लोडिंग और अनलोडिंग के लिए समय निर्धारित होना चाहिए। लेकिन तेंदूखेड़ा में व्यापारी और वाहन चालक अपनी मनमर्जी से सड़क के बीचों-बीच वाहन खड़े कर देते हैं। इससे न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना रहता है। हैरानी की बात तो यह है कि स्थानीय प्रशासन इस गंभीर समस्या से पूरी तरह अनभिज्ञ बने हुए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। पुराने बस स्टैंड जैसे व्यस्ततम इलाके में पुलिस बल की तैनाती न होने से वाहन चालक बेखौफ होकर जाम लगा रहे हैं। इस समस्या के कारण न केवल पैदल चलने वाले राहगीर परेशान हैं।

**विरोध** | सीएम मोहन यादव के बयान पर कौरव समाज का उग्र विरोध

# अपमान का जवाब आग से : गाडरवारा में भड़का जनाक्रोश



**नवभारत/ नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के एक बयान ने प्रदेश की राजनीति में उबाल ला दिया है। गुरुवार को गाडरवारा में कौरव समाज का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा, जहां सैकड़ों लोगों ने एकत्र होकर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। छीपा तिराहा (राठी तिराहा) पर सुबह से ही भीड़ जुटने लगी थी। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में बैनर-तख्तियां लेकर बयान वापस लो, समाज का अपमान बंद करो और माफी मांगो जैसे नारे लगाए। कुछ समय के लिए क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बन गई।

## क्या है पूरा विवाद

जानकारी के अनुसार, 23 अप्रैल 2026 को एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने द्रौपदी चीरहरण प्रसंग का उल्लेख करते हुए कौरवों की तुलना कांग्रेस से की थी। इस बयान को कौरव समाज ने अपनी अस्मिता पर सीधा आघात बताया है। सम्मान का सवाल, माफी जरूरी कौरव समाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा कि यह केवल बयान नहीं, बल्कि सम्मान का मुद्दा है।

## नेताओं के तीखे बयान



जिला पंचायत सदस्य मोना कौरव ने कहा, कांग्रेस का तो इतिहास है, बीजेपी का कोई इतिहास ही नहीं है।



कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरसिंहपुर सुनीता पटेल ने बयान को अशोभनीय बताते हुए कहा, कौरव समाज का सहारा लेकर की गई टिप्पणी पूरी तरह अनुचित है।

वहीं कांग्रेस नेता सतीश सैनी ने कहा, हमारी कांग्रेस पार्टी कौरव समाज के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री द्वारा की गई टिप्पणी निंदनीय है।

## प्रशासन अलर्ट, हालात नियंत्रित

उनकी मांग है कि मुख्यमंत्री सार्वजनिक रूप से बिना शर्त माफी मांगें, अन्यथा आंदोलन को प्रदेश स्तर तक बढ़ाया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। पुलिस, राजस्व अमला और फायर ब्रिगेड मौके पर तैनात रहे। स्थिति बिगड़ने की आशंका के बीच वाटर कैनन का उपयोग कर भीड़ को नियंत्रित किया गया। प्रशासन की तत्परता से कोई बड़ी घटना नहीं हुई। कौरव समाज ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द माफी नहीं मिली, तो प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा, जिसमें धरना, रैली और बड़े विरोध प्रदर्शन शामिल होंगे। इस पूरे विवाद ने मध्यप्रदेश की राजनीति को गरमा दिया है। विपक्ष को सरकार पर हमला बोलने का मौका मिल गया है। अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव इस विवाद पर क्या रुख अपनाते हैं।



# गाडरवारा से महिला लापता परिवार ने लगाई मदद की गुहार

**नवभारत/ गाडरवारा।** नगर के निरंजन वार्ड निवासी एक महिला के अचानक लापता होने से चिंता का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूजा शर्मा (पति ङ्क सुनील शर्मा) 23 अप्रैल 2026 को शाम लगभग 7 बजे अपने घर से बिना बताए कहीं चली गईं, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों द्वारा आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की गई, लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल सका है। इस घटना के बाद से परिवार बेहद चिंतित और परेशान है। परिजनों ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि किसी को पूजा शर्मा के बारे में कोई जानकारी मिले या वे कहीं दिखाई दें, तो तुरंत सूचना दें। परिवार ने लोगों से आग्रह किया है कि वे इस जानकारी को अधिक से अधिक साझा करें, ताकि महिला का जल्द से जल्द पता लगाया जा सके। संपर्क नंबर- 7089258080 (सुनील शर्मा) साथ ही, परिजनों ने नजदीकी पुलिस थाने में भी सूचना दे दी है और पुलिस से मदद की उम्मीद जताई है।

# ज्वारे विसर्जन में मधुमक्खियों का हमला



**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जिले के सालीचौका क्षेत्र अंतर्गत सहावन गांव में गुरुवार को ज्वारे विसर्जन के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। धार्मिक आस्था और उत्साह के बीच चल रहे कार्यक्रम में अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे पूरे आयोजन स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें एक 15 वर्षीय नाबालिग की स्थिति कुछ समय के लिए गंभीर बनी रही। जानकारी के अनुसार, गांव में परंपरागत रूप से ज्वारे विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था,

जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए थे। जैसे ही विसर्जन की प्रक्रिया चल रही थी, पास के पेड़ों में मौजूद मधुमक्खियों का झुंड किसी कारणवश भड़क गया और अचानक लोगों पर टूट पड़ा। देखते ही देखते मधुमक्खियों ने कई लोगों को घेर लिया, जिससे मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस हमले में एक 15 वर्षीय नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि मधुमक्खियां उसके दोनों कानों के अंदर तक घुस गईं, जिससे उसे असहनीय पीड़ा हुई और उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन और ग्रामीण तत्काल उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने बड़ी सावधानी से उसके दोनों कानों से मधुमक्खियों को बाहर निकाला। इस दौरान अस्पताल में मौजूद लोगों ने बताया कि नजारा काफी भयावह था। नाबालिग के होंठ, कान और चेहरे पर भी कई जगह डंक के निशान पाए गए हैं। घटना में घायल अन्य दो लोगों को भी उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार तीनों घायलों की हालत अब खतरे से बाहर है, लेकिन उन्हें निगरानी में रखा गया है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि धार्मिक आयोजनों के दौरान इस तरह की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे स्थानों की पहले से जांच कर आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि आयोजन स्थलों के आसपास पेड़ों या पुराने भवनों में मधुमक्खियों के छत्ते होने की संभावना रहती है, जिनकी समय रहते पहचान और सुरक्षित हटाने की व्यवस्था जरूरी है। वहीं प्रशासनिक स्तर पर भी इस घटना को गंभीरता से लिया जा रहा है और आगे सावधानी बरतने की बात कही जा रही है।

## एक नजर में



# भागवत कथा हमें आध्यात्मिक ज्ञान करती है प्रदान : कान्हा महाराज

**नवभारत/ गोटेगांव** विगतदिवस स्थानीय अलका विवाह स्थल रूद्रवार्ड में वृंदावन से पधारे संत कान्हाजी महाराज ने भागवत कथा में बतायाकि भागवत कथा एक प्राचीन और पवित्र हिंदू ग्रंथ है, जिसमें भगवान श्री कृष्ण की जीवन गाथा और उनके द्वारा दिए गए उपदेशों का वर्णन है, इसका महत्व इस प्रकार है- आध्यात्मिक ज्ञान भागवत कथा हमें आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करती है, जिससे हम अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में मोड़ सकते है, नैतिक शिक्षा: इसमें दिए गए उपदेश हमें नैतिक मूल्यों की शिक्षा देते हैं और हमें सही और गलत के बीच का अंतर समझने में मदद करते हैं, भक्ति और श्रद्ध - भागवत कथा भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और श्रद्धा को बढ़ावा देती है, जिससे हम अपने जीवन में शांति और आनंद प्राप्त कर सकते हैं, सांसारिक दुखों से मुक्ति इसका पाठ करने से व्यक्ति को सांसारिक दुखों से मुक्ति मिलती है और वह मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है, सामाजिक समरसता भागवत कथा में दिए गए संदेश से सामाजिक समरसता और सौहार्द बढ़ता है, जो समाज के लिए बहुत जरूरी है, जीवन के उद्देश्यों की प्राप्ति- यह कथा हमें जीवन के उद्देश्यों को समझने और उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है, भागवत कथा का महत्व समझने और इसके उपदेशों को अपने जीवन में उतारने से हम अपने जीवन को अधिक अर्थपूर्ण और सुखी बना सकते हैं, इस श्रीमद महा भागवत पुराण में ओंकार सिंह पटैल शशकुंतला पटेल आशीष सीता पटैल अर्चना संजय ठाकुर आराधना मनीष ठाकुर रामस्वरूप पटैल भागवती पटैल हाकम सिंह जमना पटैल रघुनाथ सिंह रजनी पटैल रवीन्द्र सिंह पुष्पापटैल गोपाल सिंह पटेल राजेश पटेल अनीता पटैल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने धर्म लाभ प्राप्त कर अपना मानव जीवन धन्य किया।

# जिला टॉपर्स छात्राओं का हुआ सम्मान राव उदय प्रताप ने बढ़ाया उत्साह

**नवभारत/ साईखेड़ा।** शहर के चावड़ा स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में माननीय राव उदय प्रताप जी ने सेंट्रल पब्लिक एकेडमी साईखेड़ा की तीनों जिला टॉपर्स छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं की उपलब्धि को सराहा गया। सम्मानित होने वाली छात्राओं में कक्षा 12वीं (क्ष्टरु) की प्रियंका पटेल तथा कक्षा 10वीं की नमामि पटेल और कंचन विश्वकर्मा शामिल रहीं, जिन्होंने जिले में टॉप रैंक हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम में राव उदय प्रताप जी ने छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# नरसिंहपुर के अस्सू नेमा अब संभालेंगे नगरीय निकाय प्रकोष्ठ, प्रदेश सचिव नियुक्त



**नवभारत/ नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल करते हुए नगरीय निकाय प्रकोष्ठ का विस्तार किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कमले की सहमति से नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष निशंक जैन ने नरसिंहपुर जिले के वरिष्ठ पार्षद अस्सू नेमा को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। पार्षद अस्सू नेमा लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय हैं और नगरीय क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को लेकर मुखर रहे हैं। जमीनी पकड़ और साफ-सुथरी छवि के चलते पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति की खबर मिलते ही नरसिंहपुर, गोटेगांव एवं आसपास के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर अस्सू नेमा ने कहा, माननीय जीतू पटवारी जी, डॉ. संजय कमले जी एवं निशंक जैन जी ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। नगरीय निकायों की आवाज को मजबूती से प्रदेश स्तर पर उठाऊंगा। क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने भी अस्सू नेमा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

# मिट्टी के घड़ों के माध्यम से जल संरक्षण का प्रतीकात्मक संदेश दिया




**नवभारत/ साईखेड़ा ।** जल संकट की बढ़ती समस्या को देखते हुए नगर परिषद साईखेड़ा द्वारा 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत जनभागीदारी से जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। 19 मार्च से 30 जून 2026 तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत क्षेत्र में जल स्रोतों के संरक्षण, साफ-सफाई एवं जनजागरूकता को प्राथमिकता दी जा रही है। अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर विशेष संदेशों के साथ आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई है। इसी क्रम में नगर के प्रमुख स्थान पर मिट्टी के घड़ों के माध्यम से जल संरक्षण का प्रतीकात्मक संदेश दिया गया। इन घड़ों के जरिए आमजन को यह समझाने का प्रयास किया जा रहा है कि पारंपरिक जल संग्रहण पद्धतियां आज भी कारगर हैं और जल बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। बैनर और पोस्टरों के माध्यम से लोगों को बताया जा रहा है कि जलाशयों की सफाई, पौधारोपण, छोटी नदियों और तालाबों का संरक्षण तथा वर्षा जल संचयन जैसे उपाय अपनाकर पानी की कमी को दूर किया जा सकता है। अभियान में स्थानीय नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए अपील भी की जा रही है। नगर परिषद के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों में जल के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। यदि हर नागरिक छोटे-छोटे प्रयास करे तो आने वाले समय में जल संकट से बचा जा सकता है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के अभियान न केवल जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने का काम भी करते हैं।


# सिवनी विधानसभा के प्रभारी बने देवेंद्र पटेल

**गोटेगांव।** विगतदिवस मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए देवेंद्र पटेल 'छोटू भैया' गुंदरई को सिवनी विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि देवेंद्र पटेल लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं और जमीनी स्तर पर उनकी पकड़ मजबूत है। उनके अनुभव का लाभ सिवनी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को मिलेगा। नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने देवेंद्र पटेल को बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। आगामी चुनावों को देखते हुए यह नियुक्ति महत्वपूर्ण मानी जा रही है। देवेंद्र पटेल ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए।

# गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ अभियान के तहत जन जागरण रैली



**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा परम वंदनीय माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष की ऐतिहासिक बेला में विश्व व्यापी यज्ञ उपासना के तहत आज 1 मई को गृहे गृहे गायत्री यज्ञ आयोजित किए जा रहे हैं। इस विश्वव्यापी अभियान के जन जागरण हेतु गायत्री परिजनों के माध्यम से तेंदूखड़ा तहसील के गायत्री प्रज्ञा मंदिर काचरकोना द्वारा गुरुवार को प्रात:काल विशाल जन जागरण रैली निकाली गई गई। जिसमें तहसील तेंदूखड़ा के साथ जिले भर से सक्रीय परिजनों ने मिशन के प्रज्ञा गीत एवं जयघोषों के साथ 1 मई को होने जा रहे विश्व व्यापी गृहे गृहे गायत्री यज्ञ उपासना सफल बनाने का संकल्प लिया।



# मोनू भैया की पुण्यस्मृति में होंगे विविध कार्यक्रम

**भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी सोनी ने कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की**

**गोटेगांव।** गोटेगांव संपूर्ण क्षेत्र व जिले के सर्व जनप्रिय युवा हृदय सम्राट कीर्तिशेष मणिनागेंद सिंह पटेल मोनूभैया की पुण्यतिथि के अवसर पर आज उनकी पुण्य स्मृति में सेवा संस्कार एवं समाजहित के विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी दीपक सोनी ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह दिन हम सभी के लिए प्रेरणा समर्पण और जनसेवा के संकल्प को पुन:स्मरण करने का अवसर मिला, आयोजन में प्रात: 9 बजे समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया जाएगा, तत्पश्चात प्रात: 10 बजे मणिनागेंद्रसिंह सैनिक स्कूल लाठगांव बायपास गोटेगांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर प्रकृति संरक्षण एवं आने वाली पीढ़ियों के उज्जवल भविष्य हेतु पौधारोपण किया जाएगा, प्रात: 10:30 बजे शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में विशाल ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिससे जरूरतमंदों को जीवनदान मिल सके, सायं 7 बजे श्रीदेव ठाकुर बाबा मंदिर में सुंदरकांड पाठ आरती एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं जनकल्याण की मंगलकामना की जाएगी, अत: आप सभी वरिष्ठजन सम्मानित नागरिकगण मोनूभैया मित्र मंडल युवा साथियों एवं कार्यकर्ता गण से सादर निवेदन है कि निधर्धारित समय पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी दीपक सोनी ने की है।

